दिनांकः 13.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश के पूर्वी जिलों में मूसलाधार बारिश से कई इलाके जलमग्न–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश।
- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सभी विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग सुनिश्चित करने को कहा।
- प्रदेश में गैर संक्रामक रोगों से जुडे कार्यक्रमों को बनाया जाएगा और मजबूत–चिकित्सा मंत्री ने मिशन मधुहारी का किया शुभारंभ।
- राज्य में आज से दो दिन तक सभी जिला और मेडिकल कॉलेजों के औषधि भण्डार गृहों का किया जाएगा निरीक्षण।

.....................

प्रदेश के पूर्वी जिलों में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। जयपुर, धौलपुर, करौली, भरतपुर, दौसा, टोंक और सवाईमाधोपुर जिलों के कई गांवों और कस्बों में पानी जमा हो गया है। जिला प्रशासन ने जयपुर, जयपुर ग्रीामण, टोंक, करौली, भरतपुर, कोटा, गंगापुरसिटी, धौलपुर, दौसा और सवाईमाधोपुर जिलों के स्कूलों में आज छुट्टी की घोषणा की है।
करौली जिले के नदी नाले उफान पर हैं। पांचना बांध के दो गेटों से पानी की निकासी जारी है। प्रभारी सचिव आशुतोष पेडणेकर ने विभिन्न क्षेत्रों को निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलेक्टर निलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले में बने अतिवृष्टि के हालात के बाद प्रशासन ने हिंडौन और करौली दोनों स्थानों पर राहत केन्द्र बनाए हैं, जहां लोगों को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा है।

.....................

भरतपुर में भी कई जगह अतिवृष्टि के हालात हो गए हैं। प्रशासन द्वारा जल निकासी की व्यवस्था की गई है। राजधानी जयपुर में भी रुक–रुक कर बरसात का दौर जारी है। जयपुर ग्रामीण जिले में कई खेतों में पानी भर गया है। इससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। सवाईमाधोपुर में कई जगह मध्यम तो कहीं–कहीं तेज बरसात जारी है। अतिवृष्टि के हालात बने हुए हैं।

.....................

भीलवाडा में बूंदाबांदी हो रही है। झुंझुनूं में झमाझम बारिश के बाद कई स्थानों पर झरने चल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में तेज वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर शहर में बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सांगानेर, मानसरोवर, जगतपुरा और विधाधर नगर क्षेत्रों में जलभराव वाली जगहों, टूटी हुई सड़कों, गड्ढों और ड्रेनेज सिस्टम से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आमजन से संवाद भी किया। श्री शर्मा ने मालवीय नगर स्थित अंडरपास का निरीक्षण कर अधिकारियों को अंडरपास के लिए पुख्ता कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बी–2 बायपास और महारानी फार्म क्षेत्र में द्रव्यवती नदी का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नदी को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव कदम उठाएं। इस दौरान विधायक कालीचरण सराफ और गोपाल शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की नेक रैंकिंग के लिए 15 दिन में टीम बनाने के निर्देश दिये हैं। राज्यपाल ने कल राजभवन में उच्च, तकनीकी और संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए हर साल आठ विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग करवाने

और 5 वर्ष में सभी विश्वविद्यालयों की नेक रैंकिंग सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में खाली पदों को भरने के लिए तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता बढ़ाने और कॉपी मुक्त शिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए भी काम करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने तकनीकी शिक्षण संस्थानों की साख बढ़ाकर नामांकन वृद्धि के प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निजी क्षेत्र में कथित फर्जीवाड़ा रोकने पर भी जोर दिया। बैठक में उप मुख्यमंत्री और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. प्रेमचंद बैरवा के अलावा बड़ी संख्या में विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

.....................

प्रदेश में गैर संक्रामक रोगों से संबंधित कार्यक्रमों को और मजबूत बनाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल टाइप–1 डायबिटीज से बचाव के लिए ''मिशन मधुहारी'' कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर ये बात कही। ये कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा क्लिंटन फाउण्डेशन की ओर से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में देश में डायबिटीज, कैंसर और हृदय रोग काफी तेजी से बढ़े हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग गैर संक्रामक रोगों के उपचार, रोकथाम और आमजन में जागरूकता के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में लापरवाही के कारण लोग कई गंभीर रोगों का शिकार हो रहे हैं। इनसे बचाव के लिए स्वस्थ जीवन–शैली अपनानी चाहिए। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि गैर संक्रामक रोगों से बचाव और उपचार के लिए संचालित कार्यक्रम में कैंसर, हाइपरटेंशन और डायबिटीज जैसे रोगों को शामिल किया गया है।

.....................

प्रदेश में आज से दो दिन तक सभी जिला और मेडिकल कॉलेजों के औषधि भण्डार गृहों का राज्य स्तर से गठित टीम निरीक्षण करेगी। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन–आर.एम.एस.सी.एल. के अधीन संचालित इन भंडार गृहों में अधिकारी जल भराव, सीलन, साफ–सफाई और नए निर्माण की वस्तुस्थिति का जायजा लेंगे। आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने इस संबंध में आदेश जारी कर अधिकारियों को संभाग और जिले आवंटित किए हैं। श्रीमती गिरि ने बताया कि भण्डार गृहों के अधिकारी, कर्मचारी, पैकर्स और अन्य कार्मिकों की उपस्थिति, संबंधित जिलों में जलजनित बीमारियों के उपचार में उपयोग में आने वाली दवाओं की उपलब्धता की स्थिति का भी गहन निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। टीम के अधिकारी प्रदेशभर में तेज बारिश को देखते हुए औषधि भण्डार गृहों में दवाओं के रख–रखाव की स्थिति जाचेंगे। साथ ही, मौसमी बीमारियों को देखते हुए दवाओं की उपलब्धता और आपूर्ति की जानकारी लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

.....................

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर और जोधपुर की ओर से आज से विभीषिका स्मृति दिवस पर दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्वेश्य देशभक्तों की याद में विभाजन विभीषिका को स्मृति दिवस के रूप में मनाना है। उदयपुर ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना ने बताया की राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद मन्नालाल रावत और अन्य जनप्रतिनिधि करेंगे। वहीं जोधपुर के भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन पर लगाई जा रही प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक अतुल भंसाली और रेल मंडल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह करेंगे। ये प्रदर्शनी दो दिन तक चलेगी।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिये लोग अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

.....................